**Jain College, Jayanagar**
**II PUC Mock Paper – I Jan – 2020**

**समयः 3:15घं.** **विषयःहिन्दी** **पूर्णांकः100**

**सूचना- 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपी में लिखना अनिवार्य है।**

**2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।**

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः (6x1=6)**

1) सुजान ने गाँव में क्या बनवाया?
2) कर्त्तव्य करने से क्या बढ़ता है?
3) किसका संकट चर्चा का विषय बना हुआ था?
4) कावेरी नदी का बाँध किस नाम से मशहूर है?
5) किसने पार्टी में नया रंग भर दिया था?
6) एक जमाने में कौन-सा शहर जापान की राजधानी हुआ करती थी?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः (3x3=9)**

7) प्रदूषण के सम्बन्ध में गंगा मैया ने क्या कहा है?
8) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेशवरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।
9) शीला अग्रवाल का लेखिका पर क्या प्रभाव पड़ा?
10) माँ को को आलिंगन में भरकर शामनाथ ने क्या कहा?
11) ओसाका के क़िले का चित्रण कीजिए।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ? (4x1=4)**

12) 'आधी रोटी खाओ भगवान का भजन करो और पड़े रहो।'
13) 'हमारे आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब?'
14) 'आज तुम खाना जल्दी खा लेना।'
15) 'आप साधू हैं, आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का सन्दर्भ स्पष्टीकरण कीजिएः (2x3=6)**

16) 'अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गए कि कोई काम ही न कर सकें? '
17) 'सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे।'
18) 'पतन की पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फूटती हैं।'
19) 'मेरी माँ गाँव की रहने वाली हैं। उमर भर गाँव में रही हैं ।'

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः (6x1=6)**

20) चकोर पक्षी किसे देखता रहता है?

21) बुद्धिहीन मनुष्य किसके समान है?

22) बेटी को क्यों सुन्दर दिखना है?

23) कवि नरेन्द्र शर्मा क्या न बनने का सन्देश देते हैं?

24) हवा को क्या हो जाने से बचाना है?

25) कर्नाटक में किस महाकवि के दर्शन कर सकते हैं?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **(2x3=6)**

26) सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है?

27) कायर मत बन कविता के द्वारा कवि हमें क्या सन्देश देते हैं?

28) बिहार राज्य की भव्यता का वर्णन कीजिए।

29) कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिएः** **(2x4=8)**

30) प्रभु जी तुम दीपक, हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभु जी तुम मोती, हम धागा, जैसे सोने मिलत सुहागा ।।

**अथवा**

धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पियत अघाय।
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पियासो जाय।।

**31)** वे मुस्काते फूल, नहीं-
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं-
जिनको भाता है बुझ जाना।

**अथवा**

दूर से ही ललकारता, 'कौन?' मैं जबाव देता दोस्त!
और पल भर को बैठ जाता उसकी ठंडी छाँव में।

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः** **(5x1=5)**

32) नौकरों से काम लेने के लिए क्या होनी चाहिए?

33) मलमल के थान और अबरों को परेश किसके पास नहीं लेकर जाते?

34) हल्की सी खरोंच भी दवा न लगने पर क्या बन जाती है?

35) भारवि से मिलने आयी स्त्री का नाम लिखिए?

36) ब्रह्म ज्ञान किसकी वीणा पर नृत्य करने के समान था?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **(2x5=10)**

37) बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

टिप्पणी लिखिएः 1. परेश 2. मँझली भाभी।

**38)** भारवि से संबंधित माता-पिता के बीच होने वाले प्रारम्भिक सम्वाद का सार लिखिए।

**अथवा**

भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **(4x1=4)**

39) 1. मेरे पास केवल मात्र पचास रुपये हैं।
2. शत्रु मैदान से दौड़ खडा हुआ।
3. तुलसीदास ने रामचरितमानस का रचना की।
4. चरखा कातना चाहिए।

**आ) कोष्टक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:** **(4x1=4)**

**(उदासी, सेवा, कुर्सियाँ, कावेरी )**

40) 1. ................ करने से चरित्र बनता है।
2. चेहरे पर ..................थी।
3. उस दिन दक्षिण की............बहिन मिली थी।
4. ................ तो बाज़ार में खूब उपलब्ध हैं।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **(3x1=3)**

41) 1. नेताजी भाषण देंगे। (वर्तमानकाल में बदलिए)
2. वह अपने विचार व्यक्त करता है। (भविष्यतकाल में बदलिए)
3. उसे सम्मानित किया जाएगा। (भूतकाल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए:** **(4x1=4)**

42) 1. जी चुराना — अ) निर्दोष पर दोष लगाना।
2. चाँद पर थूकना — ब) इज्ज़त बढ़ाने वाला।
3. घर का उजाला — स) हार कर भागना।
4. पीठ दिखाना — द) मेहनत से बचना।

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए:** **(3x1=3)**

43) 1. सिंह 2. तनुज 3. तेली

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:** **(3x1=3)**

44) 1. उपकार मानने वाला।
2. आँखों के सामने होने वाला।
3. जानने की इच्छा रखने वाला।

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **(2x1=2)**

45) 1. गति 2. प्रथा

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **(2x1=2)**

46) 1. प्रभावित 2. राष्ट्रीय

**VI अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **(5x1=5)**

47) 1. पुस्तकालय 2. विज्ञान वरदान या अभिशाप 3. किसी ऐतिहासिक स्थान की यात्रा।

**अथवा**

चरित्र प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **(5x1=5)**

48) राजा राम मोहन राय बचपन से ही बड़े प्रतिभाशाली थे। उनके पिता ने उनकी पढ़ाई का समुचित प्रबन्ध किया। गाँव की पाठशाला में उन्होंने बंगला सीखी। उन दिनों कचहरियों में फारसी का बोलबाला था। अतः उन्होंने घर पर ही मौलवी से फारसी पढ़ी। नौ वर्ष की उम्र में वे अरबी की उच्च शिक्षा के लिए पटना भेजे गए। वहाँ वे तीन वर्ष तक रहे। उन्होंने कुरान का मूल अरबी में अध्ययन किया। बारह वर्ष की उम्र में वे काशी गए। चार वर्ष तक वहाँ उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया। इस बीच उन्होंने भारतीय दर्शन का भी अध्ययन किया।

प्रश्न:

1) राजा राम मोहन राय की पढ़ाई की व्यवस्था किसने की?
2) राजा राम मोहन राय ने बंगला कहाँ सीखी?
3) उन्होंने अरबी की शिक्षा कहाँ से प्राप्त की?
4) बारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ गए?
5) उन्होंने कितने वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **(5x1=5)**

49) 1) Student life is golden life.
2) Human being is the finest creation of God.
3) It’s raining outside.
4) Bangalore is called as Centre for information Technology.
5) Language should be simple and easy to understand.

*******************